(2)

# INDIA NON JUDICIAL

## Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

IN-UP49850406694875W

IV - 33/24

₹400

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP49850406694875W |
| Certificate Issued Date | : | 31-Jan-2024 12:23 PM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14136904/ MEERUT/ UP-MRT |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP14136904955322080611 76W |
| Purchased by | : | JAGRITI FOUNDATION TRUST |
| Description of Document | : | Article 64 (A) Trust - Declaration of |
| Property Description | : | Not Applicable |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | JAGRITI FOUNDATION TRUST |
| Second Party | : | Not Applicable |
| Stamp Duty Paid By | : | JAGRITI FOUNDATION TRUST |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 400 (Four Hundred only) |

सत्यमेव जयते

DEEPAK KUMAR ... MEERUT ... ACC No. UP...

₹400

E-STAMP VERIFIED  E-STAMP LOCKED

IN-UP49850406694875W

Please write or type below this line

3 GT

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Meenu Rani

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

RD 0014797462

Statutory Alert:
1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.

ॐ
(2)

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

ट्रस्ट डीड

1. श्री गोविन्द अहलावत पुत्र श्री ओमपाल सिंह निवासी ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ **(Aadhaar No.-XXXX XXXX 7032 & Mob. No.-9634898830)**.............................................(अध्यक्ष ट्रस्टी)।

2. श्री गौतम अहलावत पुत्र श्री ओमपाल सिंह निवासी ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ **(Aadhaar No.-XXXX XXXX 1865 & Mob. No.-7417212105)**.............................................(कोषाध्यक्ष ट्रस्टी)।

3. श्रीमती ऊषा धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री यशपाल सिंह निवासी ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ **(Aadhaar No.-XXXX XXXX 8557 & Mob. No.-8273738691)**.............................................(सचिव ट्रस्टी)।

जिन्हे आगे **व्यवस्थापक** कहा गया है व्यवस्थापकों की इच्छा समाज सेवा व शिक्षा व **समाजोत्थान** के क्षेत्र में कार्य करने की है जिसके लिये व्यवस्थापको ने यह ट्रस्ट स्थापित करने का निश्चय किया है।

विदित हो कि व्यवस्थापना धनराशि अकंन 10,000/-रूपये के ट्रस्टीगण एक मात्र स्वामी व अधिकारी है तथा समाज की सेवा व महिला उत्थान व महिला सशक्ति करण व समाज कें कमजोर वर्ग के उत्थान व शिक्षा के लिये कार्य व अन्य कार्य जिनका विवरण आगे दिया गया है के लिये एक ट्रस्ट की स्थापना करना चाहते है और उक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतू व्यव्स्थापको ने उक्त धनराशि **अकंन 10,000/-रूपये** को इस उद्देश्यों से ट्रस्ट को हस्तान्तिरत कर दी है कि न्यासीगण उक्त राशि को ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रयोग करे व आगे दी

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221











Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

गयी शक्तियों एवं प्रावधानों के अर्न्तगत बतौर न्यासीगण होना स्वीकार किया है इस विलेख का निष्पादन कर रहे है अतः व्यवस्थापक उपरोक्त इकरार करते है और घोषणा करते है।

1. यहकि उक्त ट्रस्ट का नाम "जागृति फाउण्डेशन ट्रस्ट", स्थित उर्मिला ग्रीन कॉलोनी, दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ, (उत्तर प्रदेश) होगा।

2. यहकि उक्त ट्रस्ट का मुख्य कार्यालय उर्मिला ग्रीन कॉलोनी, दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ, (उत्तर प्रदेश) होगा जिसका शाखा कार्यालय 2/140, श्रद्धापुरी, कंकर खेड़ा, मेरठ, तथा ट्रस्ट का कार्य क्षेत्र समस्त भारत वर्ष होगा तथा न्यासीगण को अधिकार होगा कि वे उक्त ट्रस्ट का कार्यालय समस्त भारत में कहीं पर भी सहमति से स्थानान्तरित कर सकते है तथा भारत व विदेशो में कहीं भी इसकी शाखाऐं खोल सकते है।

3. यहकि ट्रस्ट में वर्तमान में निम्न ट्रस्टी होंगे :-

1. श्री गोविन्द अहलावत पुत्र श्री ओमपाल सिंह निवासी ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ - अध्यक्ष।

2. श्री गौतम अहलावत पुत्र श्री ओमपाल सिंह निवासी ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ - कोषाध्यक्ष।

3. श्रीमती ऊषा धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री यशपाल सिंह निवासी ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ - सचिव।

4. श्रीमती बालेश देवी धर्मपत्नी श्री ओमपाल सिंह निवासी ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ - सामान्य ट्रस्टी।

5. श्री ओमपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री चन्दन सिंह निवासी ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ - सामान्य ट्रस्टी।

उषा

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Anju Rani
Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

6. श्रीमती बेबी रानी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री गुलशन निवासी ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ - सामान्य ट्रस्टी।

सभी ट्रस्टीयों का कार्यकाल जीवन पर्यन्त होगा, तथा ट्रस्टीयों की संख्या आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ायी जा सकेंगी।

4. यहकि ट्रस्टीगण द्वारा निर्गत उक्त धनराशि उक्त ट्रस्ट की समस्त सम्पत्ति है जिसे आगे ट्रस्ट फण्ड कहा गया है जिसका तात्पर्य ट्रस्ट की सम्पत्ति नकद राशि निवेश धन दान अथवा अनुदान से प्राप्त सम्पत्ति साविध जमा अथवा चालू राशि जो उक्त ट्रस्टीगण को समय-समय पर प्राप्त हो, को धारण करेंगे तथा उक्त ट्रस्ट की चल व अचल सम्पत्ति को बतौर ट्रस्टीगण आगे दी गयी शक्तियों तथा कर्तव्यों को प्रयोग व अनुपालन करते हुऐ धारण करेंगे।

5. यहकि ट्रस्टीगण फण्ड तथा ट्रस्ट की पूँजी तथा अन्य चल व अचल सम्पत्तियों को शिक्षा संवर्धन के मुख्य कार्य तथा अन्य सामाजिक उत्थान के कार्य, औषधालय तथा शिक्षण संस्थाओं व कार्यशालाओं की स्थापना एवं संचालन व व्यवस्था व यात्री सेवा व सुविधा आदि के कार्य करने हेतू धारण करेंगे तथा न्यासीगण को समय-समय पर आवश्यकतानुसार न्यास के उद्देश्यों में परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार होगा।

6. यहकि ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये न्यासीगण को समय-समय पर भूमि का ग्रहण अधिग्रहण सरकारी, गैरसरकारी संस्थाओं व्यक्तियों संस्थाओं या विभागो से करने का पूर्ण अधिकार होगा।

7. यहकि उपरोक्त उद्देश्यों के अतिरिक्त तथा उन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ट्रस्टीगण ट्रस्ट के फण्ड तथा आय को तथा उसके समस्त या किसी भाग को नीचे दिये उद्देश्यों में से किसी एक या अनेक या समस्त और जितनी मात्रा में चाहे स्वांगीण रूप से प्रयोग कर सकते है:-

उषा

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

1. महिला उत्थान व सशक्ति करण के लिये प्रत्येक आवश्यक कार्य करना।

2. भ्रूण हत्या रोकना व बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के आवश्यक कार्य करना।

3. मेडिकल कालिज, डेन्टल कालिज की स्थापना व संचालन करना।

4. इंजीनियरिंग कॉलिज व विधी कॉलिज की स्थापना व संचालन करना।

5. स्कूल, कालिज, तकनीकी व फार्मा शिक्षण संस्थाओं की स्थापना व संचालन करना।

6. शिक्षा के प्रचार व प्रसार हेतू सभी प्रयास करना।

7. कृषि भूमि तथा अन्य जमीन जायदाद आदि खरीदना प्राप्त करना उन्हे क्रय-विक्रय करना हस्तान्तरण करना तथा कृषि भूमि पर कृषि कार्य कराना।

8. अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति तथा समाज के सभी वर्गों के जरूरतमंद क्षात्रों के लिये क्षात्रवृति सहायता आदि प्रदान करना।

9. अस्पताल, औषधालय, सनुसंधान शालाओं एवं रसायन शालाओं का संचालन एवं स्थापना करना।

10. प्राकृतिक पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतू कार्य करना शहरों में पेड लगाना जिससे प्रदूषण कम हो खाली पडी भूमि पर वृक्षारोपड करना ताकि पर्यवरण स्वच्छ रहे और आय के साधन बढे और अवैध कबजे भी न हो पायें।

11. निरीह प्राणियों पशु एवं पक्षियों की चिकित्सा का प्रबन्ध करना एवं उनके लिये चिकित्सालयों की स्थापना व व्यवस्था करना।

12. स्कूल व कालिज में छात्र/छात्राओं को पर्यावरण के लिये जागृत करने हेतू कार्यक्रम चलाना।

13. शैक्षिक किताबों, पेपर का प्रकाशन कराना, लाईब्रेरी रीडिंग रूम तथा होस्टल आदि की स्थापना एवं संचालन करना।

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

14. समस्त मानव मात्र के कल्याण के लिये कार्य करना।

15. ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये भवन निर्माण करना तथा अन्य निर्माण कार्य आदि करना।

16. यहकि तकनीकी व मिडिया के क्षेत्र में जन व मानव कल्याण हेतू कार्य कराना, मनोरंजन व समाचार चैनलों का प्रसारण आदि करना।

17. उर्जा के क्षेत्र में पर्यावरण के संरक्षण हेतू कार्य करना।

18. ट्रस्ट की आय बढानें के उद्देश्य से सभी प्रकार के कार्य व प्रयत्नना करना।

19. गौरक्षा व गौशालाओं की स्थापना व संचालन करना।

20. समाज के असहाय एवं वृद्ध व वरिष्ठजनों के लिये वृद्ध आश्रम आदि की स्थापना करना व संचालन करना।

21. समाज के अपेक्षित व अनाथ बालक व बालिकाओं के लिये आश्रय स्थल व अनाथ आश्रमों की स्थापना करना व संचालन करना।

22. वह सभी कार्य करना जो समस्त मानव जाति के लिये कल्याणकारीहो।

23 ट्रस्ट के कार्य व उद्देश्य महिला उत्थान व सशक्ति करण व बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं व शिक्षा व सामाजिक सेवा का है व्यसायिक व लाभ का नही है यानि शिक्षा क्षेत्र मे स्ववित्त पोषित संस्थाओ की स्थापना करना एवं उनका लाभ रहित संचालन करना यानि NOT FOR PROFIT है यानि ट्रस्ट का उद्देश्य व्यवसायिक नही है शिक्षा व अन्य क्षेत्र मे हर वर्ग के लोगो की सेवा करना व उनका उत्थान करना है।

8. यहकि न्यास/ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र समस्त भारत वर्ष होगा एवं विदेशो में होगा।

9. यहकि न्यासीगण को ट्रस्ट फण्ड की आय व उसके किसी भाग को जितने

उषा

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

तथा जिस अवधि तक न्यासीगण चाहे जमा रखने तथा संचय की हुई आय को कालान्तर में कभी भी या किसी भी समय ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिये व्यय करने का पूर्ण अधिकार होगा।

10. यहकि न्यासीगण ट्रस्ट फण्ड या उसके किसी भाग अथवा भागों को किसी भी समय या अवसर पर जैसे कि ट्रस्टीगण उचित समझे, उपरोक्त उनके कार्यो में से एक या अधिक पर व्यय कर सकते है।

11. यहकि अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष व सचिव व अन्य सभी ट्रस्टीयों का अधिकार ट्रस्ट पर तथा ट्रस्ट की सम्पत्तियों पर होगा तथा अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष व सचिव व अन्य किसी भी ट्रस्टी की मृत्यु के बाद उनकी सन्तानों का अधिकार ट्रस्ट पर तथा ट्रस्ट की सम्पत्तियों पर होगा। किसी अन्य व्यक्ति का ट्रस्ट पर, ट्रस्ट की सम्पत्तियों पर या ट्रस्ट की सदस्यता पर किसी भी प्रकार का अधिकार नहीहोगा।

12. यहकि व्यवस्थापकों/ट्रस्ट ने ट्रस्ट को सुचारू रूप से संचालन करने हेतू अपने में से अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष व सचिव नियुक्त कर लिया है तथा अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष व सचिव ट्रस्ट को सुचारू रूप से संचालन करने के लिये उपाध्यक्ष व उपसचिव नियुक्त करेंगे। अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष व सचिव सहित सभी ट्रस्टीयों का का कार्यकाल जीवन पर्यन्त होगा। निवर्तमान पदाधिकारियों का पुनः चयन हो सकता है अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष व सचिव उक्त पदाधिकारियों को उनके कार्यकाल से पहले भी उनके पद से सर्वसम्मति से हटा सकते है।

13. यहकि **"जागृति फाउण्डेशन ट्रस्ट"**, स्थित उर्मिला ग्रीन कॉलोनी, दौराला, **तहसील सरधना व जिला मेरठ,** (उत्तर प्रदेश) उक्त उपरोक्त ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष **श्री गोविन्द अहलावत** व कोषाध्यक्ष श्री **गौतम** अहलावत व ट्रस्ट के

उषा

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

प्रथम सचिव **श्रीमती ऊषा** व ट्रस्ट के सामान्य ट्रस्टी **श्रीमती बालेश देवी**, **श्री ओमपाल सिंह** व **श्रीमती बेबी रानी** होगें।

14. यहकि पदाधिकारियों के निम्न कर्तव्य व दायित्व होंगे।

अध्यक्ष- ट्रस्ट की सभी बैठको की अध्यक्षता करना ट्रस्ट की बैठक समय से बुलाने व ट्रस्ट को सुचारू रूप से संचालन करने के लिये सचिव को निर्देश व सहयोग प्रदान करना ट्रस्ट के लिये ट्रस्ट के नाम से कानूनी कार्यवाही करना व ट्रस्ट का सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन करना तथा उद्देश्यों की पूर्ति हेतु उचित प्रबन्धन सम्बन्धी व्यवस्था करना।

उपाध्यक्ष- अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष के कार्य करना।

सचिव- ट्रस्ट की बैठको में परित समस्त प्रस्ताव व आदेशों को कार्य रूप से परिणित करना ट्रस्ट के दैनिक कार्यकलाप को सुचारू रूप से संचालित करना सभी बैठको को समयनुसार व अध्यक्ष के आदेशानुसार बुलाना तथा सभी बैठको की कार्यवाही का पूर्ण रूप से वित्तरण बैठक कार्यवाही रजिस्टर में लिख अध्यक्ष से सत्यापित कराना अगली बैठक के बुलाने की सूचना के साथ पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के लिये उसकी नकल सभी ट्रस्टियों को भेजना ट्रस्ट की समस्त आय व व्यय को सत्यापित कर कोषाध्यक्ष से अनुमोदित करना ट्रस्ट की सभी चल व अचल सम्पत्तियों का पूर्ण विवरण रख उनकी सुरक्षा करना।

उपसचिव- सचिव की अनुपस्थिति में सचिव के कार्य करना।

कोषाध्यक्ष- ट्रस्ट का समस्त आय-व्यय का हिसाब रखना व उनको ओडिट कराना ट्रस्ट के समस्त व्यय जो कि प्रबन्धक/अध्यक्ष/सचिव द्वारा सत्यापित हो उनको अनुमोदित कर भुगतान करना।

उषा

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

15. यहकि ट्रस्ट के सभी महत्वपूर्ण कार्य जैसे-न्यायालय प्रकरण प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों से सम्बन्धित लेन-देन निर्माण मान्यता सम्बद्धता आदि आपसी सहमति से अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष व सचिव करेंगे। किसी महत्वपूर्ण निर्णय अथवा आपातकालीन समस्या के लियें आपातकालीन बैठक अध्यक्ष द्वारा आहूत की जायेगी एवं सर्वसम्मति से निर्णय होने के उपरान्त अध्यक्ष अपना आदेश प्रदान करेंगे।

16. यहकि ट्रस्टीगण समय-समय पर सामाजिक धार्मिक व पारमार्थिक कार्यो के प्रबन्ध एवं संचालन हेतू अपने विवेक के अनुसार प्रबन्ध समिति जिसमें वे स्वयं या उनमें से एक या अधिक ट्रस्टी तथा अन्य व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को नियुक्त करने का अधिकार होगा एवं ट्रस्टीगण ऐसी प्रवन्ध समिति तथा उसके कार्यकाल नियम आदि बनाने का तथा ऐसी प्रबन्ध समिति को सम्बन्धित कार्यो उद्देश्यों के संचालन व पूर्ति के लिये जो अधिकार ट्रस्टीगण उचित समझे से प्रदान करने की शक्ति होगी साधारणतः ट्रस्ट के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव ही उक्त समस्त प्रबन्ध समितियों के क्रमशः अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव सर्वसम्मति से होंगे।

17. यहकि किसी भी ट्रस्टी की मृत्यु के बाद उनके बच्चे उक्त ट्रस्ट के प्रबन्धक व अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष व सचिव व सामान्य ट्रस्टी होगे, और यह सिलसिला आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा।

18. यहकि अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव को अन्य ट्रस्टी रखने एवं सदस्य बनाने तथा उनको हटाने का अधिकार होगा यहकि ट्रस्ट के नाम नियम एवं उद्देश्यों में परिवर्तन करने का अधिकार अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव का अन्य ट्रस्टीयों की सहमति से सभा बुलाकर करने का होगा।

उषा

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

19. यहकि ट्रस्ट की बैठक साल में से कम से कम एक बार अवश्य होगी परन्तु किसी भी ट्रस्टी को 7 दिन पूर्व अन्य ट्रस्टीगण को प्रस्तावित बैठक बुलाने का अधिकार होगा और ट्रस्ट की बैठक साधारणतः ट्रस्ट कार्यालय में होगी परन्तु ट्रस्टीगण को अन्य स्थान पर जहाँ ट्रस्टीगण उचित समझे बैठक बुलाने का भी अधिकारहोगा।
20. यहकि बैठक का कोरम किसी भी समय समस्त ट्रस्टीयों की संख्या का 1/3 अथवा किन्ही दो ट्रस्टीयों का जो भी अधिक हो, होगा यदि कोरम के अभाव में सभा स्थगित की जाती है तो स्थगित बैठक की तिथि, समय व स्थान की समस्त ट्रस्टीगणों को डाक द्वारा सूचना प्रेषित करना आवश्यक होगा। स्थगित सभा भी कोरम पूरा किये बिना नही हो सकती।
21. यहकि उक्त व्यवस्थापकों को ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं से अपने तकनीकी कौशल के अनुसार पारिश्रमिक प्राप्त करने के अधिकारी होंगे उक्त व्यवस्थापकों की मृत्यु के बाद इनकी संतान अथवा कानूनी वारिस पारिश्रमिक प्राप्त करने के अधिकारी होंगे और यह सिलसिला आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा।
22. यहकि सभी सम्बन्धित ट्रस्टी व्यक्तिगत रूप से केवल ट्रस्ट हेतू प्राप्त की गयी राशि सम्पत्ति व प्रतिभूतियों के लिये उत्तरदायी होंगे तथा केवल अपने द्वारा किये गये कार्य प्राप्ति, उपेक्षा अथवा चूक के लिये व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। परन्तु अन्य ट्रस्टीगण बैकर, दलाल, एजेन्ट अथवा अन्य व्यक्ति जिनके हाथ में ट्रस्ट की राशि या प्रतिभूतियाँ आदि रखी गयी है और उनके द्वारा किये गये कार्य से किसी निवेश का मूल्य घटने अथवा ट्रस्ट को किसी भी प्रकार की हानि होने पर परन्तु व उनके द्वारा जानबूझकर की गयी चूँकि अथवा व्यक्तिगत कार्यके कारण ना हुआ तो ट्रस्टीगण उसके लिये व्यक्तिगत उत्तरदायी नहीं होंगे।

उषा

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

23. यहकि ट्रस्टीगण को ट्रस्ट तथा उसके उद्देश्यों से सम्बन्धित कार्य हेतू किसी भी एजेन्ट जिसमें बैंक भी शामिल है को नियुक्त करने तथा उसके धनराशि अदा करने का तथा ट्रस्टीगण में निहित शक्तियों का प्रयोग करने का पूर्ण अधिकार होगा।

24. यहकि ट्रस्टीगण ट्रस्ट के नाम से चालू खाता, सावधि जमा खाता, सेविंग बैंक खाता ओवर ड्राफ्ट खाता व सभी प्रकार के बैंकिंग खाते किसी भी संस्था जो कि बैंकिंग का व्यवसाय करती हो में खोल और रख सकते है परन्तु सभी उक्त बैंकिंग एकाउण्टस खातों का संचालन दो पदाधिकारियों के हस्ताक्षरों से होगा जिसमें अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव में से कोई एक होंगे।

25. यहकि ट्रस्टीगण ट्रस्ट की प्राप्ति व खर्चो का व ट्रस्ट फण्ड एंव सम्पत्तियों का सम्पूर्ण उचित तरीके से बाजाब्त हिसाब रखेंगे और प्रतिवर्ष 31 मार्च को समाप्त होने वाले लेख/आर्थिक वर्ष का वार्षिक आय व्यय का लेखा व आर्थिक चिट्ठा बनायेंगे जो कि अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा। जो ट्रस्ट की साधारण सभा में स्वीकृत होगा।

26. यहकि ट्रस्टीगण को उक्त ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतू तथा आवश्यक होने पर अन्य व्यक्तियों संस्था अथवा किसी अधिकारी अथवा किसी अन्य के सहयोग से समस्त विधिवत कार्य करने का पूर्ण अधिकार होगा।

27. यहकि ट्रस्टीगण ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतू कही भी चल व अचल सम्पत्ति किन्ही भी शर्तो पर जो ट्रस्टीगण निश्चित करेंगे तथा ट्रस्ट के उद्देश्यों के विपरीत न हो को प्राप्त करने व धारण करने चाहे पूर्ण स्वामित्व में हो या लीज पर हो या किराये पर हो या किसी अन्य तरीके से प्राप्त करने तथा विक्रय करने

उषा

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

आवेदन सं॰: 202400734008105

न्यास पत्र

---

बही स॰: 4 | रजिस्ट्रेशन स॰: 33 | वर्ष: 2024

---

प्रतिफल- 0 स्टाम्प शुल्क- 400 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 100 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 80 योग : 180

---





श्री गोविन्द अहलावत ,
पुत्र श्री ओमपाल सिंह
व्यवसाय : अन्य
निवासी: ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 31/01/2024 एवं 01:43:51 PM बजे
निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

शोबित कुमार
उप निबंधक :सदर द्वितीय
मेरठ
31/01/2024

लिपिक
निबंधक लिपिक
31/01/2024

प्रिंट करें

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

किराये पर देने हस्तान्तरण करने या अन्य प्रकार से अधिकार त्यागने का पूर्ण अधिकार होगा परन्तु ट्रस्टीगण को ट्रस्ट के नाम से तथा उद्देश्यों से रिक्त होने का अधिकार नही होगा।

28. यहकि ट्रस्ट फण्ड में सम्मिलित किसी राशि सम्पत्तियों या आस्तियों या उनके किसी भाग को एक साथ अथवा खण्डो में सार्वजनिक नीलाम अथवा प्राईवेट संविदा द्वारा सर्शत अथवा बिना शर्त विक्रय करना क्रय करना किसी विक्रय अथवा पुनः विक्रय की संविदा में परिवर्तन करने अथवा विखण्डित करने का अधिकार होगा और ट्रस्टीगण उसमें हुई किसी हानि के जिम्मेदार नही होंगे।

29. यहकि अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव को ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिये समय-समय पर सर्वसम्मति से उधार/ऋण लेने का पूर्ण अधिकार होगा। अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव को ट्रस्ट की सम्पत्तियों को बंधक रख कर ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिये उधार/ऋण/बेंक गारन्टी लेने का पूर्ण अधिकार होगा तथा इससे सम्बन्धित कार्यो को करने का अधिकार अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव को होगा।

30. यहकि ट्रस्ट इनकम टैक्स एक्ट 1961 व वैल्थ टैक्स एक्ट 1957 या कोई भी अन्य एक्ट के अर्न्तगत आयकर के प्राविधानों के अनुसार छूट पाने की अधिकारी होगी और उसके लिये विभाग में कार्यवाही करेंगी। जैसे कि आयकर धारा 80जी अथवा कोई अन्य समानन्तर धारा जो कि आयकर एक्ट 1961 या उसके उत्तराधिकार मे मान्य होगी तथा आयकर अधिनियम के समस्त नियमों का पालन करेंगे।

31. यहकि अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव को सर्वसम्मति से अन्य ट्रस्टी रखने एवं सदस्य बनाने तथा उनको हटाने का अधिकार होगा यह कि ट्रस्ट के नाम नियम एवं उद्देश्यों मे परिवर्तन करने का अधिकार भी अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव को

उषा

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

अंकन 400/-रूपये का ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र संख्या IN-UP49850406694875W संलग्न है।

अन्य ट्रस्टीयों से सहमति से होगा नये ट्रस्टी सदस्यों को नियुक्त एवं निष्कासन के लिये बोर्ड की सहमति आवश्यक होगी और उसके लिये बोर्ड से प्रस्ताव पारित कराना जरूरी होगा तथा कोई भी ट्रस्टी स्वेच्छा से त्यागपत्र देकर ट्रस्ट से अलग/मुक्त हो सकता है।

32. यहकि अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव को ट्रस्ट के उद्देश्यो के लिये ट्रस्ट की सम्पत्तियों/परिस्थित्तियों को किराये पर देने व सभी प्रकार के शेयरों ऋण पत्रो व अन्य प्रतिभूतियों में निवेश करने का पूर्ण अधिकार होगा।

33. यहकि एतदद्वारा संस्थापित किया गया ट्रस्ट अप्रतिसंहरणीय होगा परन्तु यदि किसी कारणवश से ट्रस्टीगण उक्त ट्रस्ट का संचालन करनके में असमर्थ हो तो ट्रस्ट की सभी सम्पत्तियों/परिसम्पत्तियों को निस्तारण कर ट्रस्ट की सभी देनदारियों का भुगतान करने के पश्चात् ट्रस्ट का विघटन कर सकते है तथा इसके पश्चात् जो भी लाभ या हानि होगी व ट्रस्टीगण द्वारा वहन किया जायेगा। अतः यह विलेख न्यास पत्र लिख दिया कि प्रमाणित एंव उपयोगी हो। इति।।

नोट: ट्रस्ट के नाम कोई चल या अचल सम्पत्ति अवस्थापना राशि के अलावा नहीं है।

उषा

गवाह

Shiva S/o Binesh
Town: Daurala.
Th: Sardhana
Dist: Meerut.

गवाह

Akhil Ahlawat
S/o Satya Pal Singh Ahlawat
M2/140 Shradha Puri
Kanker Khera
Meerut

तहरीर तारीखः–31-01-2024ई0मसविदा पवन कुमार गर्ग, दस्तावेज लेखक,मेरठ।

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

PAWAN KUMAR GARG
DOCUMENT WRITER

आवेदन सं०: 202400734008105

बही सं०: 4 रजिस्ट्रेशन सं०: 33 वर्ष: 2024


निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि व प्रलेखानुसार उक्त

न्यासी: 1

श्री गोविन्द अहलावत, पुत्र श्री ओमपाल सिंह

निवासी: ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ।

व्यवसाय: अन्य




न्यासी: 2

श्री गौतम अहलावत, पुत्र श्री ओमपाल सिंह

निवासी: ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ।

व्यवसाय: अन्य




न्यासी: 3

श्रीमती ऊषा, पत्नी श्री यशपाल सिंह

निवासी: ग्राम दौराला, परगना दौराला, तहसील सरधना व जिला मेरठ।

व्यवसाय: अन्य

उषा



ने निष्पादन स्वीकार किया। जिनकी पहचान

पहचानकर्ता : 1

श्री शिवा, पुत्र श्री विनेश

निवासी: दयानन्दपुरी, दौराला रुरल, मेरठ।

व्यवसाय: अन्य




पहचानकर्ता: 2

श्री अखिल अहलावत, पुत्र श्री सत्यपाल सिंह अहलावत

निवासी: 2/140, श्रद्धापुरी, कंकर खेडा, मेरठ।

व्यवसाय: अन्य



रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

ने की। प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है।

टिप्पणी :

बोधिल कुमार
उप निबंधक : सदर द्वितीय
मेरठ
31/01/2024

लिपिक
निबंधक लिपिक मेरठ
31/01/2024

Manager
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221

प्रिंट करें

Principal
GURUKUL ACADEMY
Urmila Green Colony Near Bijlighar
Daurala, Meerut- 250221